कार्यवाही | कलेक्टर ने लिया सख्त एक्शन

# आरसी कॉम्पलेक्स सहित 32 नामांतरण आदेश निरस्त

**तहसीलदार ने किया अधिकारों का दुरूपयोग**

**तत्कालीन तहसीलदार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के निर्देश**






**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने कलेक्टर न्यायालय में चल रहे पुनरीक्षण के एक प्रकरण में निर्णय देकर तहसीलदार आधारताल द्वारा पारित 32 नामांतरण के आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है ।

साथ ही राजस्व अभिलेख में पूर्ववत सुधार करने के आदेश दिये हैं। जानकारी के अनुसार अधिकारों का दुरूपयोग कर बिना परीक्षण किये जल्दबाजी में नामांतरण आदेश पारित करने के इस प्रकरण में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने तत्कालीन तहसीलदार आधारताल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश भी कलेक्टर कार्यालय की वित्त एवं स्थापना शाखा के प्रभारी अधिकारी को दिए हैं। जानकारी के अनुसार 32 प्रकरणों में कुल 1 लाख 60 हजार रुपये का अर्थदंड न वसूलने के कारण शासन को वित्तीय क्षति हुई है।

### ये है मामला

दरअसल कलेक्टर न्यायालय ने नामांतरण में की गई गंभीर अनियमितता के मामले सामने आने के बाद न्यायालय तहसीलदार आधारताल में सितंबर 2024 में दर्ज हुए प्रकरणों में पारित नामांतरण आदेशों को पुनरीक्षण में लिया था। इनमें से आर सी कॉम्प्लेक्स सहित 32 प्रकरणों में पारित नामांतरण के आदेश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा निरस्त कर दिए गए हैं ।

कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश कुमार अग्रवाल एवं शिप्रा अग्रवाल द्वारा मौजा जबलपुर स्थित आर सी काम्प्लेक्स के नामांतरण हेतु आवेदन तहसीलदार अधारताल के समक्ष 03 मई 2024 को प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार द्वारा इस आवेदन पर 30 मई 2024 को नामांतरण का आदेश पारित किया था।

### परीक्षण में कुछ इस तरह मिलीं खामियां

- नामांतरण आवेदन के साथ 1955 यानी 70 वर्ष पुराने पंजीकृत दस्तावेज लगाए गए थे। तहसीलदार ने पर्याप्त जांच किए बिना ही अंतिम आदेश पारित कर दिया था।
- नामांतरण के लिए प्रस्तुत आवेदन अधूरा था। कई जानकारियां खाली थी और इसमें तारीख भी अंकित नहीं थी।
- शपथ पत्र 50 रुपये के स्टाम्प पर बिना टिकट के था और गवाह के हस्ताक्षर भी नहीं थे।
- आवेदन शुल्क जमा करने का ऑनलाइन चालान प्रकरण में संलग्न नहीं था।
- दशकों पुराने दस्तावेजों के आधार पर बिना किसी प्रमाणित सत्यातपित प्रतिलिपि के सिर्फ छाया प्रतियों के भरोसे इतना बड़ा फैसला बिना पर्याप्त जांच के जल्दबाजी में कर दिया गया।



## बरगी और पाटन के सूने मकान में चोरी

**नवभारत,जबलपुर।** बरगी और पाटन थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बरगी थानांतर्गत ग्राम कालादेही निवासी तारा बाई सेन अपने घर में ताला लगाकर बाजार गई थी कि तभी उसके घर के दरवाजे का कुंदा तोड़कर अज्ञात चोर घुसा और घर में रखे 20 हजार रुपए चोरी कर लिए। वहीं पाटन थानांतर्गत चौपाटी वार्ड पाटन निवासी पलक पटैल के घर में अज्ञात चोर ने घुसकर आलमारी में रखे 25 हजार रूपये व चांदी चैन, अंगूठी, ब्रेसलेट तथा छोटी बहन की आलमारी में रखे 30 हजार रूपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# भीषण गर्मी से सड़कों पर अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात

**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी सहित पूरे संभाग में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। मार्तंड की प्रचंडता के चलते सुबह 11 बजते ही लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दोपहर में सड़कों में जहाँ अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल नजर आ रहा है तो वहीं रात 12 बजे के बाद भी छतों पर रखी टंकियां गर्म पानी उगल रहीं हैं। दिन में भीषण गर्मी से बचने और शरीर में पानी का स्तर बरकरार रखने के लिए गन्ने का रस, छाछ, जलजीरा, लस्सी जैसे अन्य ठंडे पेय पदार्थ का सहारा लिया जा रहा है लेकिन कभी भी हो रही बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ा दी हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान.



43.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था जबकि न्यूनतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। वातावरण में सुबह 34 तथा शाम को 22 प्रतिशत आद्रता आंकलित की गई। इस दौरान पश्चिमी हवाएं 6 किलोमीटर की रफ्तार से बहतीं रहीं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आगामी 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। जिले में कहीं-कहीं लू चलने का अंदेशा व्यक्त किया गया है।

# जेठी अस्पताल में बच्चों की अदला-बदली

**परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप**

**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र में स्थित जेठी हॉस्पिटल में प्रबंधन की एक बड़ी लापरवाही के कारण नवजात बच्चों की अदला-बदली का गंभीर मामला सामने आया है। अधारताल निवासी शकीर सिद्दीकी की पत्नी ने 21 मई 2026 को एक नवजात बच्ची को जन्म दिया था, जिसे स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण जेठी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को जब शकीर सिद्दीकी अपने पूरे परिवार के साथ बच्ची को डिस्चार्ज कराने पहुंचे, तो अस्पताल प्रबंधन ने इलाज का पूरा भुगतान जमा कराने के बाद उन्हें बच्ची के स्थान पर एक नवजात लड़का सौंप दिया। नवजात को देखते ही परिजनों को संदेह हुआ और उन्होंने इसका कड़ा विरोध किया, जिसके बाद अस्पताल परिसर में भारी हंगामा शुरू हो



गया। अस्पताल के भीतर ही जांच करने पर पता चला कि पीड़ित परिवार की नवजात बच्ची किसी दूसरे परिवार को सौंप दी गई थी और वह दूसरे अस्पताल में पहुंच चुकी थी।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला लापरवाही का राज

पीड़ित परिवार के आक्रोश और बढ़ते दबाव के बाद जेठी हॉस्पिटल प्रबंधन ने अपने परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक महिला नवजात बच्ची को अपने साथ लेकर अस्पताल से बाहर जाती हुई दिखाई दी। इसके बाद अस्पताल प्रशासन और पीड़ित परिवार ने मिलकर तुरंत बच्ची की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन और प्रयासों के बाद शकीर सिद्दीकी की नवजात बच्ची जेके हॉस्पिटल में सुरक्षित मिल गई। जांच में सामने आया कि अस्पताल कर्मियों ने गलती से पीड़ित परिवार की बच्ची को किसी दूसरे परिवार को सौंप दिया था, जो उसे जेके हॉस्पिटल ले गए थे। बच्ची के सकुशल वापस मिलने पर पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली, लेकिन अस्पताल की इस घोर लापरवाही को लेकर उनका गुस्सा कम नहीं हुआ।

### सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर भड़के परिजन

इस पूरी घटना ने निजी अस्पतालों में नवजात शिशुओं की सुरक्षा और पहचान से जुड़े अनिवार्य नियमों की पोल खोल दी है। चिकित्सा नियमों के अनुसार बिना डिस्चार्ज दस्तावेजों और पुख्ता पहचान सत्यापन के किसी भी नवजात शिशु को किसी अन्य व्यक्ति को नहीं सौंपा जा सकता, इसके बावजूद अस्पताल में इतनी बड़ी चूक हो गई। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब उन्होंने इस बड़ी लापरवाही के लिए जिम्मेदार दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की, तो जेठी हॉस्पिटल प्रबंधन ने मामले को दबाने और रफा-दफा करने का प्रयास किया। प्रबंधन का तर्क था कि चूंकि बच्ची सुरक्षित मिल गई है, इसलिए अब विवाद की कोई बात नहीं है। अस्पताल के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये को देखते हुए पीड़ित परिवार ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कई वर्षों से फरार मामलों के 234 वारंट किए गए तामील

**नवभारत,जबलपुर।** अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर कराई गयी कांबिंग गश्त में कई वर्षों से फरार मामलों के 234 वारंट तामील किए गए हैं। जानकारी के अनुसार बीती देर रात पुलिस ने शहर व देहात के अलग अलग इलाकों में कॉम्बिग गश्त की जिस दौरान कई वर्षों से फरार 121 गैर म्यादी वारंटियों एवं 61 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए साथ ही 52 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर मान्नीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने कहा है कि यह कार्यवाही हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है ऐसे अपराधियों को पकड़ना आवश्यक था जो लंबे समय से कानून से बचते फिर रहे थे। इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी ताकि जिले में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

# वाटर पार्क में करंट लगने से युवक की मौत





**नवभारत,जबलपुर।** रांझी अंतर्गत बड़ा पत्थर झंडा चौक निवासी 21 वर्षीय साजन विश्वकर्मा अपने 3 दोस्तों के साथ बरेला स्थित निसर्ग वाटर पार्क घूमने गया था।

वाटर पार्क में मनोरंजन के दौरान साजन विश्वकर्मा वहां बनी फिसल पट्टी के पास पहुंचा, इसी दौरान फिसल पट्टी की लोहे की रैलिंग के पाइप में अचानक करंट फैल गया। साजन का हाथ जैसे ही उस रैलिंग पर पड़ा, वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद वहां मौजूद उसके तीनों दोस्त और वहां उपस्थित अन्य लोग आनन-फानन में साजन को इलाज के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने साजन का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस दुखद घटना से मृतक के दोस्तों और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। बरेला टीआई ने नवभारत को बताया कि मामले की शिकायत की गई है वाटर पार्क में किस वजह से युवक की मौत हुई है इसकी जांच की जा रही है।


### परिजनों में खासा आक्रोश

वाटर पार्क प्रबंधन की इस गंभीर लापरवाही को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि व्यावसायिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसा दुख न झेलना पड़े। पुलिस ने इस मामले की जानकारी मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए वाटर पार्क के कर्मचारियों और वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है।

# बस ने ट्रक को मारी टक्कर, कंडक्टर की मौत

**3 यात्री घायल, बरगी थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना**

**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थानांतर्गत नागपुर जबलपुर एन एच 34 रोड प्रभु ढाबा के सामने ग्राम हुल्की के पास दीपक ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 20 जेड ई 6625 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे ट्रक तथा बस के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है । इस दौरान ट्रक में लोड तुअर की 8-10 बोरी रोड पर फटकर कर बिखर



गयी । हादसे में बस कण्डेक्टर राजपाल सिंह, यात्री मोह. साहिल, कीर्ति सिंह, मनीश कुमार को गंभीर चोटें आईं जिन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। जहां कुछ देर चले उपचार के बाद बस कंडक्टर राजपाल सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी देवघटा जिला सीधी की मौत हो गई है। पुलिस ने अपराध कायम कर प्रकरण जांच में लिया है।

### अमरावती से राहर लोड कर निकला था चालक

प्रमोद कुमार ठाकुर निवासी ग्राम देवरीकला छपारा ने बरगी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आर्वी जिला वर्धा महाराष्ट्र के मालिक का ट्रक क्रमांक एमएच 40 डीसी 6111 में ड्रायवरी करता है । विगत 21 मई को वह अमरावती से राहर लोड कर कटनी जाने के लिये कण्डेक्टर सतीष कुमार के साथ निकला था। वह जैसे ही नागपुर जबलपुर एन एच 34 रोड प्रभू ढाबा के सामने ग्राम हुल्की पहुंचा तभी दीपक ट्रेवल्स की बस ने उसके वाहन में जबर्दस्त टक्कर मार दी जिस वजह से हादसा घटित हो गया।

## बाइक सवार युवक को टैंकर ने कुचला, मौत, सहजपुर पुल के पास हादसा

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत सहजपुर ब्रिज के समीप टैंकर क्रमांक आरजे 09 जीई 6473 के चालक ने मोटर साइकल सवार युवक मनोज कुमार को टक्कर मारकर कुचल दिया है। हादसे में मनोज के शरीर पर गंभीर चोटें आई,जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस को पूछताछ में पता चला कि मनोज कुमार निवासी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर कुछ दिन पहले धनेटा गांव अपने जीजा बसोरी उर्फ कृष्णा गौड़ के घर रहने आया था. जो शाम 7.30 बजे के लगभग जबलपुर जाने का कहकर घर से निकला था।

भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि बसोरी उर्फ कृष्णा गौड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका साला मनोज कुमार विगत 23 मई को उसके गांव धनेटा आया था और कुछ समय रहकर धनेटा से जबलपुर जाने का कहकर निकला था शाम करीब साढे सात बजे गांव के अरविंद सिंह ने उसे फोन लगाकर बताया कि तुम्हारे साले मनोज कुमार का एक्सीडेंट ग्राम सहजपुर में पुल के ऊपर हो गया है।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मनोज कुमार गौंड़ की लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए




अस्पताल भिजवाया और प्रकरण की जांच शुरू की। बताया जा रहा है ग्राम सहजपुर ब्रिज हाईवे पर टैंकर क्रमांक आरजे 09 जीई 6473 के चालक द्वारा तेज गति लापरवाही से चलाते हुये टक्कर मारने से मनोज की मौत हुई है।

# गढ़ा में पागल कुत्ते ने फैलाई दहशत

**बुजुर्ग पर 15 मिनिट तक करता रहा हमला**

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र में एक पागल कुत्ते के आतंक ने लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। देवताल गढ़ा निवासी 70 वर्षीय जुगल किशोर सोनी पर एक कुत्ते ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि कुत्ता करीब 15 मिनट तक वृद्ध पर हमला करता रहा, जिससे वे बुरी तरह लहुलुहान हो गए।

जानकारी के अनुसार जुगल किशोर सोनी पिता स्वर्गीय हीरालाल सोनी रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे त्रिपुरी चौक से पैदल अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चौहानी मुक्तिधाम के गेट के सामने पहुंचे, तभी अचानक पीछे से आए एक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया। हमले के कारण वे सड़क पर गिर पड़े और संभलने से पहले ही कुत्ते ने उनके माथे, बाएं हाथ और कमर पर कई जगह काट लिया।



### राहगीरों ने बचाई जान

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जुगल किशोर कुत्ते से बचने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे, लेकिन कुत्ता लगातार हमला करता रहा। करीब 15 मिनट बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाकर वृद्ध को बचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। घायल वृद्ध को परिजन तत्काल पुरवा स्थित एक निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के साथ उन्हें टिटनेस और रैबीज के इंजेक्शन लगाए गए। जुगल किशोर के भाई अशोक सोनी ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है।

### दो-तीन अन्य लोगों को भी काटने की सूचना

त्रिपुरी चौक में चाय-नाश्ते की दुकान संचालित करने वाले आनंद कोष्टा ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे भी इसी कुत्ते ने दो से तीन लोगों को काटा था और इसके बाद वह चौहानी की तरफ भाग गया था। लगातार हमलों की घटनाओं के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग की है कि पागल कुत्ते को जल्द पकड़ा जाए, ताकि कोई और हादसा न हो।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57